# पामाखेड़ी में खाकी वर्दी पहनकर डकैती डालने वाले गिरोह पुलिस गिरफ्त में

## तीन शातिर आरोपी गिरफ्तार, 12 बोर की बंदूक और स्कॉर्पियो बरामद

**नवभारत न्यूज**



**खंडवा।** पुलिस ने थाना नर्मदानगर के ग्राम पामाखेड़ी में हुई सनसनीखेज डकैती का खुलासा करते हुए अंतर-जिला गिरोह के तीन मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। पुलिस महानिरीक्षक इंदौर जोन (ग्रामीण) के निर्देशन में खंडवा, धार और शाजापुर पुलिस की संयुक्त टीम ने इस बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया।

बीते 12 मार्च 2026 की सुबह करीब साढ़े छह बजे, फरियादी ललित सोलंकी के घर एक बिना नंबर की काली स्कॉर्पियो से 8 नकाबपोश बदमाश पहुंचे। गिरोह के दो सदस्य खाकी वर्दी में थे, जिससे परिवार को पुलिस कार्रवाई का भ्रम हो। बदमाशों ने घर में मौजूद तीन नौकरों के हाथ-पैर रस्सी और टेप से बांधकर उन्हें बंधक बना लिया। इसके बाद अलमारी और लॉकर तोड़कर 1 लाख 60 हजार नगद और एक 12 बोर की लाइसेंसी बंदूक लेकर फरार हो गए।

**तकनीकी साक्ष्य और 'मोडस ऑपेरंडी' से मिला सुराग :** घटना की गंभीरता को देखते हुए एसपी खंडवा श्री मनोज राय ने तीन विशेष टीमों का गठन किया। विवेचना के दौरान पता चला कि ठीक ऐसी ही वारदात 13 मार्च को धार जिले के बाग में एक प्रॉपर्टी ब्रोकर के यहाँ हुई थी, जहाँ बदमाशों ने काली स्कॉर्पियो और खाकी वर्दी का इस्तेमाल किया था। दोनों वारदातों में समानता मिलने पर आईजी इंदौर जोन द्वारा संयुक्त जांच दल बनाया गया। सीसीटीवी फुटेज, मुखबिर तंत्र और साइबर सेल की मदद से पुलिस ने आरोपियों को ट्रेस किया।

**गिरफ्तार आरोपी और बरामदगी :** पुलिस ने घेराबंदी कर अब्दुल गफ्फार उर्फ राजा (सोनकच्छ), डॉ. शहजाद (बेरछा मंडी) और नरसिंह बघेल (धार/देवास) को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने पूछताछ में अपना जुर्म कबूल कर लिया है। उनके पास से लूटी गई 12 बोर की बंदूक, तलवार और डकैती में प्रयुक्त अन्य सामग्री बरामद की गई है। गिरोह के अन्य फरार सदस्यों की तलाश जारी है। इस चुनौतीपूर्ण गुत्थी को सुलझाने में एसडीओपी मूँदी मनोहर सिंह गवली, थाना प्रभारी विकास खिची (नर्मदानगर), निरीक्षक राजेंद्र नरवरिया (मूँदी) सहित साइबर सेल के आरक्षकों और शाजापुर जिले की मक्सी व बेरछा पुलिस टीम की मुख्य भूमिका रही। आईजी इंदौर जोन ने पूरी टीम की पीठ थपथपाते हुए नकद इनाम की घोषणा की है।

## एक नजर में

### जनसुनवाई आज भी जिला पंचायत में ही होगी

**खंडवा।** प्रत्येक मंगलवार को नागरिकों की समस्याओं के निराकरण के लिए कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। कलेक्टर श्री ऋषव गुप्ता ने बताया कि इन दिनों कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में रिपेयरिंग एवं सौंदर्यीकरण का कार्य जारी है। अत: 16 मार्च मंगलवार को भी जनसुनवाई जिला पंचायत के सभाकक्ष में ही आयोजित होगी। नागरिकों से अनुरोध किया गया है कि अपने समस्याओं संबंधी आवेदन जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई के दौरान संबंधित अधिकारियों को दे सकते हैं।

### घायल को अस्पताल पहुंचने वाले राहवीर को मिलेगा 25 हजार का इनाम

**खंडवा।** सड़क दुर्घटनाओं में होनी वाली मृत्युदर में कमी लाने के लिए सरकार ने राह-वीर योजना शुरू की गई है। योजना की गाईड लाईन के अनुसार सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को 'गोल्डन ऑवर' अर्थात दुर्घटना से एक घंटे की समयावधि में अस्पताल पहुंचाने वाले 'राह-वीर' को 25 हजार रूपये की नगद प्रोत्साहन राशि एवं प्रशस्ति-पत्र दिया जायेगा। इसके साथ ही चुने हुए राह-वीरों में से सबसे योग्य 10 राह-वीरों को राष्ट्रीय स्तर पर एक-एक लाख रुपये पुरस्कार स्वरूप दिये जायेंगे।

### जिला मूल्यांकन समिति की बैठक आज

**खण्डवा।** जिले के अचल सम्पत्ति के बाजार मूल्य वर्ष 2026-27 की गाईड-लाईन निर्धारण हेतु खण्डवा, पंधाना, हरसूद एवं पुनासा की उप जिला मूल्यांकन समिति से प्राप्त अचल सम्पत्ति के गाईड-लाईन प्रस्तावों के परीक्षण के साथ अनंतिम अनुमोदन के लिए जिला मूल्यांकन समिति की बैठक 17 मार्च को शाम 5 बजे कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में आयोजित की गयी है।

### सोमवार को 903 किशोरियों को लगाये गए टीके



**खंडवा ।** सर्वाइकल कैंसर से बचाव के उद्देश्य से एचपीवी टीकाकरण अभियान तहत 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की किशोरियों को एचपीवी के टीके लगाये जा रहे हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ ओपी जुगतावत ने बताया कि जिला प्रशासन व शिक्षा विभाग तथा अन्य विभाग के सहयोग से 16 मार्च सोमवार को इस आयु वर्ग की 903 से अधिक किशोरियों को एचपीवी के टीकें लगाए गये। उन्होंने बताया कि जिलें में अभी तक 4682 किशोरियों को टीके लगाए जा चुके है। ये टीके जिला चिकित्सालय खण्डवा, सिविल अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र,शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, संजीवनी क्लिनिक पर टीके लगाए जा रहे है।

### अधिवक्ताओं व पैरालीगल वॉलिंटियर्स की कार्यशाला संपन्न



**खंडवा।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीमती ममता जैन के निर्देशन में जिला न्यायालय परिसर में मीडिएटर अधिवक्ताओं एवं पैरालीगल वॉलिंटियर्स के लिए 'मीडिएशन के बुनियादी सिद्धांत एवं पैरालीगल वॉलिंटियर्स के कर्तव्य' विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ।

कार्यशाला में सेवानिवृत्त प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुनील कुमार जैन ने रिसोर्स पर्सन के रूप में प्रतिभागियों को मीडिएशन की प्रक्रिया, निष्पक्षता, गोपनीयता और संवाद कौशल के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

यह प्रशिक्षण ऑनलाइन माध्यम से भी आयोजित किया गया, जिसमें रतलाम, उज्जैन, बुरहानपुर, भिंड, कटनी सहित विभिन्न जिलों के करीब 300 मीडिएटर अधिवक्ता और पैरालीगल वॉलिंटियर्स शामिल हुए।

कार्यक्रम के अंत में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव पीयूष भावे ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर जिला विधिक सहायता अधिकारी दिलावर सिंह सहित प्राधिकरण के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

# 28 साल बाद साकार हुआ मंदिर निर्माण संकल्प

## दादाजी महाराज के 100 करोड़ के संगमरमर मंदिर की नींव भरी

**नवभारत न्यूज**



**खंडवा।** शहर की आस्था के प्रमुख केंद्र श्री श्री 1008 दादाजी महाराज के भव्य मंदिर निर्माण का लंबे समय से प्रतीक्षित कार्य आखिरकार शुरू हो गया। सोमवार को धार्मिक विधि-विधान और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ मंदिर की नींव भरी गई। मंदिर परिसर में पंडित अखिलेश शुक्ला और अवधेश ओझा ने मंत्रोच्चार के साथ पूजा-अर्चना कर नींव पूजन कराया। इसके साथ ही संगमरमर से बनने वाले भव्य मंदिर के निर्माण कार्य की औपचारिक शुरुआत हो गई। समाजसेवी व प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि दादाजी महाराज के भव्य मंदिर निर्माण का संकल्प पिछले करीब 28 वर्षों से लिया गया था, जो अब साकार होने जा रहा है। उन्होंने कहा कि परमात्मा के कार्य उनकी इच्छा के बिना संभव नहीं होते। जिस तरह अयोध्या में राम मंदिर बनने में 500 वर्ष लगे, उसी तरह खंडवा में भी दादाजी महाराज के भव्य मंदिर का सपना अब जाकर पूरा होने की दिशा में आगे बढ़ा है। निर्माण समिति सदस्य धर्मेंद्र बजाज ने कहा कि श्रद्धालुओं और समाज के सहयोग से करीब 100 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाला यह मंदिर पूरी तरह संगमरमर से निर्मित होगा। मंदिर के निर्माण के बाद यह खंडवा ही नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए आस्था और श्रद्धा का बड़ा केंद्र बनेगा।

मंदिर निर्माण के इस ऐतिहासिक अवसर पर मंदिर ट्रस्टी और निर्माण समिति के अन्य सदस्य शांतनु दीक्षित, तपन डोंगरे, मदन भाऊ, सतीश कोटवाले, गणेश कनाडे, रोचक नागोरी, राकेश थापक और निर्मल गीते सहित अन्य लोग मौजूद रहे। मंदिर निर्माण की शुरुआत को लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। लोगों ने इसे खंडवा के लिए ऐतिहासिक और गौरवपूर्ण क्षण बताया और दादाजी महाराज से प्रार्थना की कि उनके आशीर्वाद से यह भव्य मंदिर जल्द ही पूर्ण होकर श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए तैयार हो।

## सीईओ ने की ग्रामीण विकास योजनाओं की समीक्षा



**खंडवा।** जिला पंचायत खंडवा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. नागार्जुन बी गौड़ा ने सोमवार को जनपद पंचायत खण्डवा के सभाकक्ष में आयोजित बैठक में ग्रामीण विकास विभाग की विभिन्न योजनाओं की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की। बैठक में जनपद की सीईओ, सहायक यंत्री, उपयंत्री, शाखा प्रभारी पंचायत सचिव और ग्राम रोजगार सहायक उपस्थित थे। इस अवसर पर डॉ. गौड़ा ने गांव का पानी गांव में अभियान के तहत बनाई गई ग्रामवार कार्य योजना अनुसार सभी जल संवर्धन कार्यों को 25 मार्च तक अनिवार्य रूप से पूर्ण करने के निर्देश दिए। मीटिंग में उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना, जलकर वसूली, संपत्ति कर वसूली, समग्र पंजीयन, ई-केवाईसी, रोजगार गारंटी योजना के तहत श्रमिकों की ई-केवाईसी, विद्युत बिलों के भुगतान, ग्राम पंचायत की परिसंपत्तियों के पंजीयन, संकल्प से समाधान अभियान सहित सभी योजनाओं की समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों को इन योजनाओं के कार्यों में प्रगति लाने के निर्देश दिए । जिला पंचायत के सीईओ डॉक्टर गौड़ा ने बैठक में कहा कि 15 दिन बाद पुन: समीक्षा की जाएगी तब तक सभी कार्यों में प्रगति लाएं, अन्यथा कार्यवाही की जाएगी।

# प्रशिक्षण से ही कार्यकर्ता बनता है सक्षम : सेवादास पटेल



**नवभारत न्यूज**

**खंडवा।** भाजपा की सफलता का आधार हमारे समर्पित और प्रशिक्षित कार्यकर्ता होते हैं। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य कार्यकर्ताओं में आत्मविश्वास और निष्ठा का संचार करना है। पूरे देश में पार्टी के आगामी कार्यक्रमों एवं चुनाव की तैयारी को लेकर पंडित दीनदयाल उपाध्याय महाप्रशिक्षण अभियान चल रहा है। जिले में प्रदेश संगठन के निर्देश पर जिला अध्यक्ष राजपाल सिंह तोमर के मार्गदर्शन में मंडल स्तर पर प्रशिक्षण वर्ग आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में कुशाभाऊ ठाकरे मंडल द्वारा आयोजित दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का भव्य समापन हुआ। समापन सत्र की अध्यक्षता तपन डोंगरे ने की, जबकि मुख्य वक्ता सेवादास पटेल रहे। श्री पटेल ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि इस वर्ग का ध्येय सक्षम कार्यकर्ता, सशक्त संगठन है। उन्होंने जोर देकर कहा कि यदि संगठन को सशक्त बनाना है तो कार्यकर्ताओं को सक्षम बनना होगा, और कार्यकर्ता तब सक्षम बनता है जब वह प्रशिक्षित होता है।

इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष प्रदीप यादव एवं अतिथियों द्वारा उपस्थित सभी सदस्यों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम के अंतिम दिन का संचालन दीप सिंह झाला ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन मंडल महामंत्री मनीष सारसर ने किया। अंत में राष्ट्रगीत के साथ दो दिवसीय अभ्यास वर्ग का विधिवत समापन हुआ। पूरे सत्रों का संयुक्त आभार यशदीप चौरे ने माना।

इस समापन अवसर पर मंडल अध्यक्ष प्रदीप यादव, सुनील जैन, कपिल अग्रवाल, हेमंत माहेश्वरी, शक्ति अटवाल, तजेंद्र बाथम, सोनू इंघे, ममता बोरसे, पिंकी राठौर, सीमा यादव, अनीता शर्मा, प्राची टुटेजा, जानकी अग्रवाल, सोहन मालवीय, नितिन यादव, धर्मेंद्र सिंह चौहान, विजय महाजन, भावेश बिल्लौरे, श्रृंगी उपाध्याय सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# कलेक्टर ने ग्राम देशगांव में किया श्रमदान

## ग्रामीणों को दिलाई जल संरक्षण की शपथ

**नवभारत न्यूज**



**खंडवा।** जिले में भूजल संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से गांव का पानी गांव में अभियान के तहत विभिन्न जलग्रहण संबंधी कार्य किए जा रहे हैं। इसी क्रम में सोमवार को छैगांवमाखन विकासखंड के ग्राम देशगांव में कंटूर ट्रेंच खुदाई कार्य का शुभारंभ किया गया।

इस अवसर पर कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने स्वयं श्रमदान करते हुए कंटूर ट्रेंच खुदाई कार्य में भाग लिया और उपस्थित ग्रामीणों, अधिकारियों तथा जनप्रतिनिधियों को जल संग्रहण एवं जल संरक्षण की शपथ दिलाई। उन्होंने ग्रामीणों से वर्षा जल को गांव में ही संचित करने तथा भूजल स्तर बढ़ाने के लिए सामूहिक प्रयास करने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ नागार्जुन बी गौड़ा, जनपद पंचायत छैगांवमाखन के अध्यक्ष महेंद्र सावनेर, जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी पंकज डाले सहित विकासखंड की विभिन्न पंचायतों के सरपंच, पंचायत सचिव, ग्राम रोजगार सहायक और बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

अधिकारियों ने बताया कि इस अभियान के तहत जिले के विभिन्न गांवों में जल संरक्षण के लिए कंटूर ट्रेंच, जल संरचनाओं का निर्माण और जनजागरूकता गतिविधियां संचालित की जा रही हैं, जिससे वर्षा जल का अधिकतम संग्रहण कर भूजल स्तर में सुधार किया जा सके।

## कांग्रेस का दो दिवसीय सर्वोदय संकल्प शिविर सम्पन्न

**खंडवा।** शहर के गांधी भवन में 15 और 16 मार्च को कांग्रेस के राजीव गांधी पंचायती राज संगठन द्वारा दो दिवसीय सर्वोदय संकल्प शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में संगठन के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को कांग्रेस की विचारधारा, संगठन विस्तार और राजनीति से जुड़े विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया। जिला कांग्रेस के पूर्व प्रवक्ता प्रेमांशु जैन ने बताया कि शिविर में कांग्रेस के इतिहास, सुराज-स्वराज तथा संगठन को मजबूत करने के मुद्दों पर विस्तृत चर्चा हुई। प्रदेश अध्यक्ष और वरिष्ठ नेताओं ने कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन देते हुए संगठन को गांव-गांव तक मजबूत करने का आह्वान किया। प्रतिभागियों के लिए यह आवासीय शिविर गांधी भवन में आयोजित किया गया था। सोमवार सुबह गांधी भवन से प्रभात फेरी निकाली गई, जो संत रविदास वार्ड पहुंची। यहां महात्मा गांधी के आदर्शों से प्रेरित होकर शहर कांग्रेस और राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के कार्यकर्ताओं ने स्वच्छता अभियान चलाया तथा स्वच्छता के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने का संदेश दिया। जिला अध्यक्ष राजकुमार कैथवास ने बताया कि शिविर का उद्देश्य गांधीवादी मूल्यों, ग्राम स्वराज, पीईएसए कानून, आरटीआई और मनरेगा जैसे विषयों पर कार्यकर्ताओं को जागरूक कर पंचायती राज संस्थाओं को मजबूत बनाना है।



## पंचकल्याणक महोत्सव की सफलता के भक्तामर मंडल विधान पूजा

**खंडवा।** नगर के बजरंग चौक स्थित महावीर दिगंबर जैन मंदिर में आगामी 11 से 16 अप्रैल तक मुनि श्री आदित्य सागर महाराज के ससंघ सानिध्य में भव्य पंचकल्याणक महोत्सव का आयोजन होने जा रहा है। इस महोत्सव के दौरान जयपुर से निर्मित भगवान मुनिसुब्रत एवं भरत भगवान की प्रतिमाओं को विधिवत् मंदिर में विराजमान कराया जाएगा।

महोत्सव के निर्विघ्न और सफल आयोजन की कामना से मंदिर में 8 मार्च से प्रतिदिन श्री भक्तामर मंडल विधान की पूजा का आयोजन किया जा रहा है। यह धार्मिक अनुष्ठान 4 अप्रैल तक प्रतिदिन प्रात: 8 से 9 बजे तक श्रद्धालुओं की उपस्थिति में संपन्न हो रहा है।

समाज के सचिव सुनील जैन ने बताया कि मंडल विधान की पूजा में प्रतिदिन अलग-अलग श्रद्धालु परिवार भाग लेकर पूजा-अर्चना कर रहे हैं। शनिवार को अनमोल की शादी के उपलक्ष्य में माला संजय गदिया परिवार द्वारा भक्तिभाव से श्री भक्तामर पाठ एवं मंडल विधान की पूजा संपन्न की गई। इस अवसर पर जैन समाज के अध्यक्ष दिलीप पहाड़िया, सचिव सुनील जैन, प्रकाश गदिया, सचिन, संजय, अजय गदिया सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं मातृशक्ति उपस्थित रही और सभी ने महोत्सव की सफलता की कामना की।

# ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग अद्भुत, यहाँ बार-बार आने का मन करता है : नम्रता



**ओंकारेश्वर।** तीर्थ नगरी ओंकारेश्वर में ज्योतिर्लिंग के दर्शन करने लंदन से अपने माता-पिता के साथ आई महाराष्ट्र की नम्रता ने कहा कि भारत जैसा दुनिया में कोई देश नहीं है। यहाँ की संस्कृति, रंग और यहाँ के लोग बहुत ही अच्छे हैं। ओंकारेश्वर एक अत्यंत पवित्र और अद्भुत नगरी है, जहाँ आने मात्र से मन को असीम शांति की अनुभूति होती है।

नम्रता ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि वह लंदन में शिक्षा ग्रहण करने गई थीं, किंतु भारत की आब-हवा और यहाँ का वातावरण दुनिया में कहीं और नहीं मिलता। अब उनका मन है कि वे वापस अपने देश लौटकर यहीं अपना व्यवसाय शुरू करें। उन्होंने कहा कि मां नर्मदा के तट पर पहाड़ों के बीच बसा यह स्थान अलौकिक है। दर्शन के दौरान नम्रता ने प्रशासन द्वारा की गई ऑनलाइन वीआईपी व्यवस्था की सराहना की, जिसके माध्यम से उनके परिवार ने भगवान ममलेश्वर और ओंकारेश्वर के सुलभ दर्शन किए। साथ ही, उन्होंने श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए कुछ महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए। उन्होंने कहा कि निमाड़ का क्षेत्र काफी गर्म होता है, ऐसे में भीषण गर्मी को देखते हुए श्रद्धालुओं के लिए पीने के पानी और छाया के लिए शेड की व्यवस्था को और अधिक बेहतर किया जाना चाहिए ताकि भक्तों को परेशानी न हो।

इसके अतिरिक्त, उन्होंने अनुभव किया कि भगवान भोलेनाथ का गर्भगृह काफी छोटा है। बड़ी संख्या में आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए गर्भगृह के विस्तार की आवश्यकता भी जताई।